**087/X/SA2/02/C1**

# Class - X

# SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : **13**

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

1. Which of the following was the result of the Act of Union 1707 ? **1**

(a) United Kingdom of lrish (b) United Kingdom of Soctland

(c) United Kingdom of America (d) United Kingdom of Great Britain

**OR**

Why did the US enter the war in Vietnam between the North and South Vietnam ? **1**

(a) To establish US rule in Vietnam

(b) To unite the North and South Vietnam

(c) To stop communists gaining power in Vietnam

(d) None of the above

2. Which of the following powers was not interested in Balkan peninsula ? **1**

(a) England (b) Germany (c) Russia (d) Japan

**OR**

What is Napalm ? **1**

(a) A chemical weapon which US used to attack in the war.

(b) Hollywood film which was responsible for motivating young men to die in the war.

(c) A film by Joh Ford Coppala's

(d) A trail by Ho Chi Minh

3. Which was the main cause for boycotting foreign goods during Non-Cooperation Movement ? **1**

(a) A symbol of western economic and cultural dominations.

(b) A symbol of foreign rule.

(c) A symbol of western political domination.

(d) A symbol of oppressive rule.

4. Which of the following was the cause for business classes to participate in Civil Disobedience Movement ? **1**

(a) To buy foreign goods without any restrictions.

(b) To sell Indian goods without any restrictions.

(c) Protection against import of foreign goods.

(d) To export their goods.

5. Which one of the following features is not true about copper ? **1**

(a) India is deficient in the reserve and production of copper.

(b) It is meliable, ductile and a good conductor.

(c) It is a ferrous ore

(d) It is mainly used in electrical cables and electronic goods.

6. Which one of the following is an essential feature of Mica ? **1**

(a) It is a metallic mineral made up of a series of plates

(b) It can be clear, black, green, red, yellow or brown.

(c) It is not used in electric and electronic industry.

(d) It cannot be easily split into thin sheets.

**7.** What is the correct meaning of agglomeration economies ? **1**

(a) Many industries set up in rural centres

(b) Industries are basically of agro-based.

(c) Many industries tend to come together to make use of the advantages offered by the urban centres

(d) Industries set up to produce raw material for secondary sector.

**8.** Which is the extreme south-western port located at the entrance of a lagoon with a natural harbour ? **1**

(a) Tuticorin (b) Chennai (c) Kochi (d) New Mangalore

**9.** Which of the following is a pressure group ? **1**

(a) Narmada Bachao Movement (b) Anti-liquor Movement

(c) Women's Movement (d) Workers Trade Union

**10.** In a democracy which of the following is not a direct way of influencing the decisions by the people ? **1**

(a) Formation of interest groups (b) Formation of Government

(c) Formation of political parties (d) Contesting Elections

**11.** Which one of the following is not a component of a political party ? **1**

(a) The leaders (b) The followers

(c) The active members (d) Women

**12.** Which one of the following is a Challenge of expansion ? **1**

(a) Keeping away from controlling government

(b) Greater power to local government

(c) To reduce the control of the rich

(d) Strengthening of democratic institutions.

**13.** Which of the following is not an advantage of self-help group ? **1**

(a) Grant of timely loans

(b) Reasonable interests

(c) A platform to discuss various issues

(d) Does not help women to become self-reliant.

**14.** What do you mean by collateral ? **1**

(a) It is the total sum of money with a person

(b) It is the things kept in the locker

(c) It is the guarantee given by the lender to the borrower.

(d) It is the security to a lender until the loan is repaid.

**15.** Which one among the following is a far reaching change in the policy made in India in 1991 ? **1**

(a) Removing barriers or restrictions set by the government which is known as liberalization.

(b) Put barriers to foreign trade and foreign investments.

(c) Restrictions set by the government to protect the producers within the country from foreign competition.

(d) By Giving protection to domestic producers through a variety of means

**16.** The consumer movement in India has led to the formation of various organizations which are locally known as : **1**

(a) Consumer Protection Council

(b) The Consumer International

(c) The Consumer Protection Act (COPRA)

(d) The World Trade Organization

**17.** Why were 1830s called the years of great economic hardship in Europe? Give any three reasons. **3+1=3**

**OR**

Why did French policy makers want to educate the people of Vietnam? What were the differences of opinion between the two groups regarding the introduction of French education system in Vietnam?

**18.** How was the Civil Disobedience Movement different from the Non-Cooperation Movement ? State any three points of difference. **3x1=3**

**19.** What are renewable resources ? Why has it become necessary to use renewable energy resources? **1+2=3**

**20.** Explain any three factors that influence the location of an industry. **3x1=3**

**21.** What is the contribution of industry to national economy of India ? Compare it with the East-Asian countries. What is the desired growth and present position of industry in GDP ? **1+1+1=3**

**22.** Distinguish between Public Interest Groups and Sectional Interest Groups. **1½+1½=3**

**23.** Why is democracy considered to be an accountable, responsive and legitimate government ? Explain. **3**

**24.** What are the differences between democratic and non-democratic governments in the decision making progress ? **1½+1½=3**

**25.** Why do most of the established democracies face the challenge of expansion ? Give any three reasons. **3x1=3**

**26.** Explain any three ways in which MNCs set up or control production in other countries. **3x1=3**

**27.** How does foreign trade lead to integration of markets across the countries ? Give any three examples. **3x1=3**

**28.** Explain any three ways by which people may be exploited in the market. **3x1=3**

**29.** What are the institutions set up under COPRA for the redressal of grievances ? Explain. **3x1=3**

**30** How did culture play an important role in creating the idea of the nation in Europe ? Explain it by giving four examples. **4x1=4**

**OR**

Explain the steps taken by the French in the field of education in Vietnam ? What was their motive behind this ? **2+2=4**

**31.** Describe the main events leading to salt march and Civil Disobedience Movement in 1930. **1½+1½+1=4**

**32.** Why is international trade considered the economic barometers for a country ? **1½+1½+1=4**

**33.** Mention different types of party systems. Write one merit of each ? Which party systems do we have in India. **2+2=4**

**34.** Explain any two features each of formal sector loans and informal sector loans.

**35.** Two features A and B are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : **2x1=2**

(A) The place responsible for calling off the Non-Cooperation Movement.

(B) The place where the session of the Indian National Congress was held in December 1920.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map : **2x1=2**

(i) Dandi (ii) Champaran

**Note :** The following questions are the ***BLIND CANDIDATES*** only, in lieu of Q.No. *35.* **3x1=3**

***(35.1)*** Name the place responsible for calling off the None Cooperation Movement.

(35.2) Name the place where the session of the Indian National Congress was held in December 1920.

**36.** Three features A, B and C are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **3x1=3**

(A) An International Airport.

(B) A software Technology park

(C) Iron and steel plant.

**OR**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols . **3x1=3**

(i) Haldia

(ii) Kalpakkam

(iii) Mohali

Note :- The following question is for the blind candidates only, in lieu of Q.No. 36.

Answer the following questions :

36.1 Name the software technology park in Orissa.

36.2 Name a nuclear power plant of Tamil Nadu.

36.3 Name the iron ore emporting port of Andhra Pradesh.

**- o O o -**

**1.** निम्नलिखित में से कौन एक्ट आफ यूनियन 1707 का परिणाम था : **1**

(a) युनाईटेड किंगडम आफ आयरिश। (b) युनाईटेड किंगडम आफ स्काटलैण्ड।

(c) युनाईटेड किंगडम आफ अमेरिका। (d) युनाईटेड किंगडम आफ ब्रिटेन।

**अथवा**

अमरीका उत्तर और दक्षिण वियतनाम के बीच वियतनाम के युद्ध में क्यों शामिल हुआ था? **1**

(a) वियतनाम में अमरीकी शासन स्थापित करने के लिए।

(b) उत्तर और दक्षिण वियतनाम को जोड़ने के लिए।

(c) वियतनाम में कम्युनिस्टों को सत्ता प्राप्त करने से रोकने के लिए।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**2.** निम्नलिखित शक्तियों में से किस की रुची बालकन प्रायद्वीप में नहीं थी? **1**

(a) इंग्लैण्ड (b) जर्मनी (c) रूस (d) जापान

**अथवा**

नापाम क्या है? **1**

(a) एक रासायनिक हथियार जिसका अमरीका ने युद्ध में आक्रमण के लिए प्रयोग किया।

(b) एक हालीवुड फिल्म जिसने युवकों को युद्ध में मरने के लिए प्रेरित किया।

(c) जॉन फोर्ड कपोला की फिल्म।

(d) हो ची मिन्ह का भूल भुलैया मार्ग।

**3.** असहयोग आन्दोलन के दौरान विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने का मुख्य कारण क्या था? **1**

(a) पश्चिमी अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक प्रभुत्व का प्रतीक।

(b) विदेशी शासन का प्रतीक।

(c) पश्चिमी राजनीतिक प्रभुत्व का प्रतीक।

(d) दमनकारी शासन का प्रतीक।

**4.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन में व्यापारी वर्ग के शामिल होने का निम्नलिखित में से कौन सा कारण था? **1**

(a) विदेशी वस्तुओं को बिना रोक खरीदना।

(b) भारतीय वस्तुओं को बिना रोक बेचना।

(c) विदेशी वस्तुओं के आयात के विरूद्ध रक्षा।

(d) अपनी वस्तुओं का निर्यात करना।

**5.** ताँबे के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा गुण सत्य नहीं है? **1**

(a) भारत ताँबा के उत्पादन और निक्षेप में कमज़ोर है।

(b) यह घात वर्धनीय, तन्य और ताप सुचालक है।

(c) यह लौह अयस्क है।

(d) इसका प्रयोग मुख्यत: बिजली की तारें और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में होता है।

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा अभ्रक का एक अनिवार्य गुण है? **1**

(a) यह एक धात्विक खनिज़ है जो पत्रण क्रम से बना है।

(b) यह पारदर्शी, काले, हरे, पीले और भूरे रंग का हो सकता है।

(c) इसका बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में प्रयोग नहीं होता।

(d) इसका चादरों में विपाटन आसानी से हो सकता है।

**7.** 'समूहन बचत' का सही अर्थ क्या है? **1**

(a) ग्रामीण केन्द्रों में कई उद्योग स्थापित होना।

(b) उद्योग मूलतः कृषि आधारित हैं।

(c) कई उद्योग शहरी केन्द्रों द्वारा दिए गए लाभों का उपयोग करने के लिए निकट आते हैं।

(d) द्वितीय क्षेत्रक के लिए कच्चा माल उत्पादित करने के लिए स्थापित उद्योग।

**8.** एक लैगून के मुहाने पर, जो एक प्राकृतिक पोताश्रय भी है, स्थित दक्षिण पश्चिम का सुदूर पतन कौन सा है? **1**

(a) तूतीकोरिन (b) चेन्नई

(c) कोच्ची (d) न्यू मैंगलौर

**9.** निम्नलिखित में से कौन दबाव समूह है? **1**

(a) नर्मदा बचाओ आन्दोलन। (b) शराब विरोधी आन्दोलन।

(c) महिला आन्दोलन। (d) कामगार व्यापार संघ।

**10.** लोकतन्त्र में से कौन सा तरीका लोगों के निर्णय को सीधा प्रभावित करने वाला नहीं है? **1**

(a) हित समूहों का निर्माण। (b) सरकार का निर्माण।

(c) राजनीतिक दलों का निर्माण। (d) चुनाव लड़ना।

**11.** निम्नलिखित में से कौन किसी राजनीतिक दल का अवयव नहीं है? **1**

(a) नेता। (b) अनुयायी (c) सक्रिय सदस्य। (d) महिलाएँ।

**12.** निम्नलिखित में से कौन लोकतन्त्र के विस्तार की चुनौती है? **1**

(a) सरकारी नियन्त्रण को दूर रखना। (b) स्थानीय सरकार को अधिक शक्ति।

(c) अमीरों के नियन्त्रण को कम करना। (d) लोकतान्त्रिक संस्थाओं को मज़बूत करना।

**13.** निम्नलिखित में से कौन स्व-सहायता समूह का लाभ नहीं है? **1**

(a) ऋण, समय पर प्रदान करना। (b) तर्क संगत ब्याज दर।

(c) विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने का मंच। (d) महिलाओं को स्वालम्बी बनाने में सहायता नहीं करना।

**14.** समर्थक ऋणाधार का क्या अर्थ है? **1**

(a) यह किसी व्यक्ति के पास कुल धन होता है।

(b) यह लाकर में रखी गई वस्तुएँ हैं।

(c) यह ऋणदाता द्वारा कर्जदार को दी गई गारंटी है।

(d) यह कर्ज अदा करने तक ऋणदाता के पास गिरवी है।

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत में 1991 में नीति में किया गया बड़ा परिवर्तन है? **1**

(a) सरकार द्वारा पाबन्दियों अथवा अवरोधों को हटाना जिसे उदारीकरण कहा जाता है।

(b) विदेश व्यापार और विदेशी निवेश पर अवरोध लगाना।

(c) देश के उत्पादकों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए सरकार द्वारा पाबन्दियाँ लगाना।

(d) अनेक तरीकों से घरेलू उत्पादकों को सुरक्षा प्रदान करना।

**16.** भारत में उपभोक्ता आन्दोलन से विभिन्न संगठन निर्मित हुए हैं जिन्हें स्थानीय स्तर पर कहा जाता है : **1**

(a) उपभोक्ता संरक्षण परिषद। (b) द कन्ज़्यूमर इन्टरनेशनल।

(c) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम। (d) विश्व व्यापार संगठन।

**17.** 1830 के दशक को यूरोप में आर्थिक कठिनाइयों के वर्ष क्यों कहा गया? कोई तीन कारण दीजिये। **3x1=3**

**अथवा**

फ्रांस की नीति निर्माता वियतनाम के लोगों को शिक्षित क्यों करना चाहते थे? वियतनाम में फ्रांसीसी शिक्षा प्रणाली को लागू करने के सम्बन्ध में दो समूहों के बीच, वैचारिक मतभेद क्या थे? **1+2=3**

**18.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन किस प्रकार असहयोग आन्दोलन से भिन्न था? कोई तीन अन्तर लिखिए। **3x1=3**

**19.** नवीकरण योग्य संसाधन क्या हैं? ऊर्जा की नवीकरण योग्य संसाधनों का प्रयोग क्यों आवश्यक हो गया हैं? **1+2=3**

**20.** किसी उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

**21.** भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों का क्या योगदान है? पूर्व-एशियाई देशों के साथ इसकी तुलना कीजिए। सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग की अपेक्षित वृद्धि और वर्तमान स्थिति क्या है? **1+1+1=3**

**22.** जन सामान्य के हित समूह और वर्ग विशेष के हित समूह के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। **1½+1½=3**

**23.** लोकतन्त्र को क्यों उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन कहा जाता है? व्याख्या कीजिए। **3**

**24.** निर्णय निर्माण प्रक्रिया में लोकतान्त्रिक और गैर लोकतान्त्रिक सरकारों में क्या अन्तर हैं? **1½+1½=3**

**25.** अधिकांश स्थापित लोकतन्त्रों को विस्तार की चुनौती का सामना क्यों करना पड़ता है? कोई तीन कारण लिखिए। **3x1=3**

26. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा अन्य देशों में उत्पादन कार्य शुरु करने अथवा नियन्त्रित करने के किन्हीं तीन तरीकों का वर्णन कीजिए। **3x1=3**

27. विदेश व्यापार किस प्रकार विभिन्न देशों के बीच बाज़ारों के एकीकरण की ओर ले जाता है? कोई तीन उदाहरण दीजिए। **3x1=3**

28. ऐसे किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए जिनके द्वारा बाज़ार में लोगों का शोषण किया जा सकता है? **3x1=3**

29. क्षतिपूर्ति शिकायतों के निवारण के लिए उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित संस्थाएँ कौन सी है? व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

30. यूरोप में राष्ट्र के विचार को पैदा करने में संस्कृति ने किस प्रकार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई? चार उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **4x1=4**

**अथवा**

वियतनाम में शिक्षा के क्षेत्र में फ्रांस द्वारा उठाए गए कदमों की व्याख्या कीजिए इसके पीछे उनका क्या उद्देश्य था? **2+2=4**

31. नमक यात्रा तथा 1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन की ओर ले जाने वाली मुख्य घटनाओं का वर्णन कीजिए। **4**

32. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को किसी देश की अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर क्यों समझा जाता है **4**

33. विभिन्न प्रकार की दलीय प्रणालियों का उल्लेख कीजिए। प्रत्येक की एक विशेषता लिखिए। भारत में कौन सी दलीय प्रणाली है? **1½+1½+1=4**

34. औपचारिक क्षेत्रक ऋण तथा अनौपचारिक क्षेत्रक ऋणों की कोई दो-दो विशेषताएँ लिखिए। **2+2=4**

35. दिए हुए भारत के रेखाचित्र में दो विशेषताएँ A और B पर चिन्हित की गई हैं। नीचे दी गई जानकारी की सहायता से इन विशेषताओं की पहचान कीजिए और मानचित्र में चिन्हित रेखाओं पर इनके सही नाम लिखिए। **2x1=2**

(A) असहयोग आन्दोलन वापस लिए जाने के लिए उत्तरदायी स्थान।

(B) वह स्थान जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**अथवा**

दिए हुए मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाए और उनके सही नाम लिखिए। **1+1=2**

(i) डांडी (ii) चम्पारन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 35 के स्थान पर है।** **2x1=2**

35.1 उस स्थान का नाम लिखिए जो असहयोग आन्दोलन वापस लिए जाने के लिए उत्तरदायी है।

35.2 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**36.** दिए हुए भारत के रेखामानचित्र में तीन विशेषताएँ A, B और C पर चिन्हित की गई हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन विशेषताओं की पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **3x1=3**

(A) एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन।

(B) एक साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क।

(C) लौहे एवं इस्पात का प्लान्ट।

**अथवा**

दिए हुए मानचित्र पर ही उपयुक्त संकेतों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए। **3x1=3**

(i) हल्दिया। (ii) कलपक्कम। (iii) मोहाली।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 36 के स्थान पर है।** **3x1=3**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

36.1 उड़ीसा में स्थित किसी साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क का नाम लिखिए।


36.2 तमिलनाडु का एक नाभिकीय ऊर्जा संयत्र।

36.3 आन्ध्र प्रदेश के उस पत्तन का नाम लिखिए जहाँ से लौह अयस्क का निर्यात किया जाता है।

**Question No. 35**



Question No. 36 OR 36




- o O o -